तरिख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
12-9-25	प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम का पेश कर कथन किया कि प्रार्थीगण की खातेदारी कृषि भूमि वाके ग्राम तनावड़ा तहसील लूणी जिला जोधपुर के खसरा नंबर 114/3 रकबा 1.6187 हैक्टेयर भूमि आयी हुई है जिसमें से प्रार्थीगण प्रत्येक का हिस्सा 1/6 है। प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि के पास पश्चित दिशा में अप्रार्थीगण का खेत खसरा संख्या 114/2 रकबा 1.3516 में स्थित है जिसके पास में ही खसरा संख्या 107 आम सड़क मौजुद है जो ग्राम पंचायत तनावड़ा के खाते में कटाण मार्ग दर्ज है। प्रार्थीगण के खसरा नंबर 114/3 रकबा 1.6187 हैक्टेयर की भूमि मौके पर वास्तविक स्थिति राजस्व रैकर्ड से भिन्न होने से प्रार्थीगण को भारी असुविधा होती है जबकि वास्तव में खसरा संख्या 114/3 जो कि 40 फुट मुख्य सड़क से पूर्व दिशा की तरफ लगता है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त कृषि भूमि खसरा संख्या 114/3 में प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शे अनुसार तरमीम दुरूस्त की जाकर राजस्व रैकर्ड में शुद्धिकरण की जावें। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रकरण में तहसीलदार लूणी द्वारा जांच रिपोर्ट हे तु तहसीलदार जारी की गई। तहसीलदार लूणी द्वारा जांच कर जांच रिपोर्ट पत्रांक राजस्व/2025/2600 दिनांक 21.08.2025 के द्वारा जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई जो शामिल पत्रालवी की गई। तहसीलदार लूणी की जांच रिपोर्ट के अनुसार ग्राम तनावडा के खसरा संख्या 114/3 रकबा 16187 हेक्टेयर नर्मदा पानी रामचन्द्र 1/6 बालुराम पुत्र रामचन्द्र 1/6 सुरेश पुत्र ओम प्रकाश 1/6 हंसराज पुत्र ओगाप्रकाश 1/6 जातियान माली सा. सांगरिया उम्मेदराम पुत्र राधाकिशन 1/3 जाति कुम्हार (प्रजापति) सा. जोधपुर खातेदार के नाम दर्ज है। ग्राम तनावड़ा के खसरा संख्या 114/3 मौका अनुसार तरमीम दुरस्ती में प्रभावित खसरा सख्या 114/2 के खातेदार भी मौके पर मौका अनुसार तरमीम दुरस्ती हेतु सहमति जाहिर की गयी। खसरा संख्या 114/2 एवं 114/3 की ऑनलाईन नक्शे में तरमीम दुरस्ती की वर्तमान मौका स्थिति अनुसार एवं खातेदार की आपसी सहमति अनुसार किया जाना उचित बताया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। ग्राम तनावडा के खसरा संख्या 114/3 की मौका अनुसार तरमीम दुरस्ती में खसरा संख्या 114/2 मौके पर दो भागों में विभक्त पाया गया है जो कि मौका फर्द में संकेत 114/2A रकबा 0.4505 हैक्टेयर एवं 114/2B रकबा 0.9011 हैक्टेयर दर्शाया गया है। खसरा संख्या 114/2 एवं 114/3 की ऑनलाईन नक्शे में तरमीम दुरस्ती की वर्तमान मौका स्थिति अनुसार एवं खातेदार की आपसी सहमति अनुसार तहसीलदार लूणी द्वारा द्वारा अनुशंसा की गयी। अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131 136 के अन्तर्गत पोषणीय होने के कारण स्वीकार किये जाने योग्य है। अतः प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र एवं तहसीलदार लूणी की रिपोर्ट अनुसार उक्त भूमि के राजस्व रेकर्ड में तरमीम दुरूस्त करने की अनुशंषा किये जाने पर प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131 136 का स्वीकार किया जाकर तहसीलदार लूणी को निर्देशित किया जाता है कि ग्राम तनावड़ा के खसरा नंबर 114/2 व 114/3 की ऑनलाईन नक्शे में तरमीम तहसीलदार लूणी की रिपोर्ट के संलग्न प्रस्तावित नजरी नक्शा मौका फर्द दिनांक 19.08.2025 के अनुसार शुद्ध किया जाकर रेकर्ड दुरस्ती का अमल दरामद करें। आदेश सुनाया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। (पुखराज कांसोटिया आर.ए.एस.) सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, लूणी	